दिनांक 21 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आयुक्त एसके सुंदरानी ने रिसाली मुक्तिधाम का किया निरीक्षण, विभिन्न स्थलों पर लगाए पौधे
नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एसके सुंदरानी ने अवधपुरी कॉलोनी जो कि रिसाली क्षेत्र अंतर्गत आता है मे जनभागीदारी से आज वृक्षारोपण किया! आयुक्त महोदय ने पौधे रोपित करने के पश्चात उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी वहां पर उपस्थित लोगों को दी और कहा जितने भी पौधे रोपित किए जा रहे हैं उन्हें जीवित रखना आवश्यक है जनभागीदारी से यह कार्य संभव है!आयुक्त महोदय को गुलदस्ता भेंट कर वहां पर उपस्थित लोगों ने स्वागत किया!
तत्पश्चात आयुक्त सुंदरानी रिसाली मुक्तिधाम पहुंचे जहां पर उन्होंने उपस्थित लोगों के साथ मिलकर नीम का पौधा रोपित किया! आयुक्त महोदय ने पूरे मुक्तिधाम का निरीक्षण किया उन्होंने बगल से गुजर रहे नाली को देखते हुए कहा कि इसके बाहर निकलने का कोई साधन नहीं है इसका उपयोग पौधों में सिंचाई करने हेतु एवं शेष पानी का उपयोग वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाकर पानी को भूगर्भ में पहुंचाएं ताकि वाटर लेवल बना रहे!
जल है तो कल है
जल ही जीवन है!